Regarding opening of portal for Fasal Bima Yojana in Chhattisgarh ? laid

श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द): प्रधानमंत्री फसल बीमा जब से प्रारंभ की गयी है तब से मेरे लोकसभा क्षेत्र के मुख्यालय महासमुंद जिला के सीमावर्ती विकास खंड जैसे बागबाहरा, पिथौरा बसना, और सरायपाली में अल्पवर्षा सूखा प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता मिली है, और कर्ज के बोझ से मुक्त हुए हैं। लेकिन वर्ष 2023-24 के लिए अब तक छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पोर्टल प्रारंभ नहीं किए जाने के कारण किसान बीमा नहीं करा पाये है। बीमा नहीं होने की स्थिति में किसानों को भविष्य ने प्राकृतिक आपदा जैसे अल्पवर्षा सूखे से भारी अधिक नुकसान हो सकता है।

अतः केंद्र सरकार से गुजारिश है कि उक्त विषय को गंभीरता से लेते हुये छत्तीसगढ़ शासन से समन्वय कर फसल बीमा योजना पोर्टल की व्यवस्था कराई जाए जिससे वंचित किसानों को रजिस्ट्रेशन के बाद फसल बीमा पश्चात उचित लाभ मिल सके।